हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 28 मार्च 2026


तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री


11 जय सिया राम के जयकारों से गूंजी नगरी



12 आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति की बही धारा





## खबर संक्षेप

### दलपत सागर में फिर से बढ़ रही जलकुंभी



**जगदलपुर।** नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षद दल ने दलपत सागर का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि सत्ता में आने के पश्चात महापौर ने कहा था कि 6 महीने के भीतर दलपत सागर की स्थिति सुधार कर उसे मूल स्वरूप में बदल दिया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार से करोड़ों रुपए स्वीकृत करवा कर विज्ञापनों और बड़े बैनर पोस्टरों, सोशल मीडिया में मुख्यमंत्री का आभार प्रकट कर अपनी वाहवाही लूटी। महापौर व निगम प्रशासन की निष्क्रियता से आज दलपत सागर पुनः जलकुंभी से भर चुका है। जब सामान्य सभा में विपक्ष के द्वारा इस विषय को उठाया जाता है तो महापौर मौन धारण कर लेते हैं। आज अतिक्रमण का खतरा बढ़ता जा रहा है बंड में दोनों तरफ से आवाजाही बंद कर अतिक्रमण को बढ़ावा दिया जा रहा है। जल्द कांग्रेस पार्षद दल कलेक्टर से मुलाकात कर इसकी शिकायत करेगा। इस दौरान उपनेता प्रतिपक्ष कोमल सेना, जाहिद हुसैन, गौतम पाणिग्रही, राकेश मौर, आभाष महंती, कैलाश नाग, अफरोज बेगम, जस्टिन भवानी मौजूद रहे।

### दो युवकों पर जानलेवा हमला, एक घंटे तक पीटा



**मद्देड।** बीजापुर जिले के मद्देड़ थाना क्षेत्र के ग्राम दम्पाया के दो युवकों पर करीब 20-25 दबंगों ने न केवल जानलेवा हमला किया, बल्कि मानवता को शर्मसार करते हुए उन्हें अर्धनग्न कर उनका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस घटना के विरोध में मरार समाज सहित अन्य पिछड़ा वर्ग संगठनों ने आज मद्देड़ थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वायरल तस्वीरों में पीड़ितों संतोष कावटी और विकास कावटी की हालत गंभीर है। एक युवक बेसुध हालत में जमीन पर पड़ा है, जिसके चेहरे और शरीर पर चोट के गहरे निशान हैं। हमलावरों ने उन्हें अपमानित करने के लिए अर्धनग्न अवस्था में छोड़ दिया। मरार समाज के प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने थाना प्रभारी को शिकायती पत्र सौंपा। शिकायती पत्र में घटना की भयावहता को विस्तार से बताया गया है। घटना 26 मार्च की शाम की है पीड़ित अपनी दीदी के घर से बकरा लेकर लौट रहे थे। नदी के किनारे वंगापल्ली गांव के पास 20-25 लड़के ▸▸। शेष पेज 10 पर

### भगवा रंग में रंगा शहर, जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा वातावरण

# रामनवमी पर राममय हुआ शहर शोभायात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▸▸। जगदलपुर

भगवान श्रीराम जन्मोत्सव पर शहर में शोभायात्रा निकाली गई। मां दंतेश्वरी मंदिर के सिंहद्वार से प्रारंभ हुई इस यात्रा ने शहर को राममय बना दिया। शहर की सड़कों पर भगवा ध्वज लहराते लोग नजर आए और जय श्रीराम के जयकारों की गूंज सुनाई दी।

शोभायात्रा में शामिल रामभक्त भगवा एवं पीताम्बर वेश धारण कर मस्तक पर त्रिपुंड और सिर पर साफा बांधकर डीजे की भक्ति धुनों पर झूमते नजर आए। यात्रा के दौरान कई स्थानों पर श्रद्धालुओं ने फूल वर्षा कर स्वागत किया। युवाओं द्वारा तलवारबाजी के आकर्षक प्रदर्शन और भगवान राम, हनुमान की सजीव झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं।

- आदिवासी नृत्य दलों, झांकियों और तलवारबाजी ने बढ़ाई शोभा
- मातृशक्ति की सहभागिता, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम

यात्रा में विभिन्न आदिवासी नृत्य दलों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सांस्कृतिक रंग भर दिया। मातृशक्ति ने भी महारानी लक्ष्मीबाई के परिधान में सहभागिता कर शौर्य और श्रद्धा का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। यह शोभायात्रा पैलेस रोड, हनुमान मंदिर चौक, कृष्णा पेट्रोल पंप चौक, कलेक्टोरेट रोड, चांदनी चौक, शहीद पार्क, स्टेट बैंक चौक, मेन रोड, जयस्तंभ चौक, गोल बाजार होते हुए जगन्नाथ मंदिर पहुंची और दंतेश्वरी मंदिर में महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ सम्पन्न हुई। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के सातों प्रखंडों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। जिससे पूरा वातावरण भक्ति और उत्साह से सराबोर नजर आया।





#### शोभायात्रा के पूर्व रामभक्ति का हुआ प्रवाह

शोभायात्रा प्रारंभ होने से पूर्व दंतेश्वरी मंदिर के समक्ष आयोजित सभा में वक्ताओं ने भगवान श्रीराम के आदर्शों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने राम के जीवन से प्रेरणा लेकर सत्य, मयार्दा और कर्तव्यनिष्ठा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। आचार्यों ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में समाज को बुरे विचारों का त्याग कर राम के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। सभा में हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने इसे एक आध्यात्मिक संगम का रूप दे दिया, जहां भक्ति, ज्ञान और प्रेरणा का अद्भुत समन्वय देखने को मिला।

#### भंडारों में दिखा सेवा भाव

रामनवमी पर शहर सहित आसपास के गांव भगवामय नजर आए। प्रमुख चौक-चौराहों को भगवा ध्वजों से सजाया गया और जगह-जगह भगवान श्रीराम सहित विभिन्न देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां स्थापित की गईं। विभिन्न धार्मिक संगठनों एवं श्रद्धालुओं द्वारा भंडारों का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया जिससे सेवा और समर्पण की भावना भी प्रकट हुई। पूरे शहर में श्रद्धा, उल्लास और धार्मिक एकता का अद्वितीय वातावरण निर्मित हुआ। शहर को सजाने और लोगों में सनातन का भाव जगाने में लंबे समय से विश्व हिंदु परिषद और बजरंग दल समेत हिंदु संगठन के लोग ▸▸। शेष पेज 10 पर

#### ये रहे उपस्थित

शोभायात्रा में सांसद महेश कश्यप, विधायक किरण सिंहदेव, श्रीनिवास राव मद्दी, रूपसिंह मंडावी, खेमसिंह देवांगन, आयरेन्द्र सिंह आर्य, सुरेश गुप्ता, संजय विश्वकर्मा, अविनाश श्रीवास्तव, रामाश्रय सिंग,मनोहर दत्त तिवारी,राजेन्द्र बाजपेई, अविनाश गौतम, विक्रम यादव, बिजली बैद्य,रोशन झा, विश्व हिंदू परिषद के तुरंगा आर्य गुरुकुल के संचालक आचार्य राकेश महाराज, विभाग मंत्री रवि ब्रम्हचारी, योगेन्द्र कौशिक, सुबीर नंदी, बस्तर महाराजा कमल चंद्र भांजदेव, शंकर लाल गुप्ता, पवन राजपूत, दशरथ कश्यप, राजाराम तोडेंम, जबिता मंडावी, नवीन देवांगन, अर्चक पंकज मिश्रा मंचसिन रहे। इस दौरान प्रेम चालकी, नरेश कोरी विष्णु ठाकुर, सुरेंद्र तिवारी,घनश्याम नाग,मातृशक्ति उमा गुप्ता,प्रज्ञा आचार्य,रंजीत पांडे, रामनरेश पांडे, सुधा मिश्रा, विनय चंद, एसके सिंग, समेत शहर तथा गांव-गांव से पहुंचे लोग शामिल थे।



## पाकिस्तान से 3 नदियों हिंगोल, रावी एवं अघोर का पवित्र जल लेकर संत महाराज पहुंचे बेड़ागांव

हरिभूमि न्यूज ▸▸। जगदलपुर

प्रेम, विश्वास, शांति का संदेश के साथ शदाणी दरबार रायपुर के सिंधी समाज के प्रमुख संत साईं डॉ युधिष्ठिर लाल माता हिंगलाज भवानी बलूचिस्तान पाकिस्तान से पवित्र जल लेकर बस्तर पहुंचे। सांस्कृतिक सद्भाव और ऐतिहासिक सांझी विरासत की यह मिसाल संभव हो पाया है।

प्राचीन हिंगलाजिन माता का मूल मंदिर बेड़ागांव विकासखंड बकावड के रियासतकालीन मंदिर में आदिवासियों की आस्था की वजह से भारत पाकिस्तान के प्राचीन सनातन कालीन संत भक्ति का संदेश लेकर 100 से अधिक भक्तों के साथ बेड़ागांव पहुंचे। हर्ष ध्वनि और परंपरागत आदिवासी नृत्य, उल्लास, छतर, तराश, चवर , ढोल और कलश के साथ ग्रामीणों, पुजारी परिवार, मांझी, चालकी, पड़ियार, डोलहा भक्तगण उन्हें मंदिर प्रांगण लेकर पहुंचे। मंदिर के अध्यक्ष एवं संरक्षक अजय सिंह बैस ने वेदपाठी ब्राह्मणों के साथ मंत्र ध्वनि, पुष्पहार, तिलक, श्रीफल एवं शाल के साथ पूज्य महाराज ▸▸। शेष पेज 10 पर

- मां हिंगलाजिन के अभिषेक बाद जल संरक्षित कर गर्भगृह में रखा गया

#### शहादत दिवस कार्यक्रम में संत महाराज ने दी श्रद्धांजलि

दोपहर में संत महाराज राजमहल पहुंच कर महाराजा प्रवीर चंद्र भंजदेव के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित कर राजपरिवार के साथ भोजन ग्रहण किया। सिंधु भवन में आयोजित सिंधी समाज के कार्यक्रम में सम्मिलित होकर अपना आशीर्वचन प्रदान किया। वहीं शहर के सर्व समाज के लोगों ने स्वागत एवं दर्शन लाभ लिया।

#### कार्यक्रम में इनका रहा योगदान

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बैस परिवार, बेड़ागाव पुजारी परिवार, डी पी देवांगन, सिंधी समाज के मनीष मूलचंदानी, दिलीप पंजवानी, टिंकू सेठिया, शेखर, नारावंड, सोनपुर, सतलावंड छोटे देवड़ा सरपंच संतोष कश्यप, लखन कश्यप, मोहन, संतोष चंद्र सेना दीवान का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

#### आज करेंगे अर्जी विनती

28 मार्च को बस्तर राजपरिवार की उपस्थिति में होने वाले माता मंडाई में इस मंदिर के सभी 450 शिष्य गण अपने सहायक शाखा मंदिरों के छत्र, आंगा, डोली, लाठी देव लेकर इस मूल हिंगलाजिन मंदिर में माता से अर्जी विनती कर अपने सम्पूर्ण वर्ष भर की मन्नत पूजा प्रार्थना कर बैस मालगुजार परिवार, प्रमुख हिंगलाजिन माता पुजारी परिवार से भेंट करेंगे। साथ ही वर्ष भर के लिए माता से शक्ति प्राप्त कर गुरु दक्षिणा समर्पित करेंगे।

## जंगल को आग से बचाने जुटे वनकर्मी




हरिभूमि न्यूज ▸▸। जगदलपुर

जंगलों में लगने वाली आग की घटनाओं में कमी लाने के लिए वन विभाग और ग्रामीण जोर दे रही हैं। वन संपदा को आग से बचाने के लिए वन विभाग के मैदानी कर्मचारी सहित फायर वाचर तैनात किए गए और जंगल में ही वन अग्नि निगरानी चौकी झोपड़ी बनाकर तैनात हैं। वन प्रबंधन समितियों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत वन विभाग को सूचना देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पर्यावरण की सुरक्षा के लिए है, बल्कि वन्यजीवों और स्थानीय समुदायों के जीवन को संरक्षित करने के लिए भी है। ग्रामीण क्षेत्रों में हाट-बाजारों में नुक्कड़ नाटक, पारंपरिक वैद्यों और गुनिया को शामिल कर जन जागरूकता बढ़ाई जा रही है। विशेष रूप से महुआ बीनने के दौरान आग लगाने की परंपरा से होने वाले दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला गया और ग्रामीणों से इस आदत ▸▸। शेष पेज 10 पर

- जागरुकता अभियान में ग्राम पंचायत स्तर पर व वन्य समितियों की भी ली रही मदद



### नो-पार्किंग में खड़े वाहनों से दुर्घटना की आशंका बढ़ी

**जगदलपुर।** संभागीय मुख्यालय से सटे सरगीपाल बायपास सड़क में दोनों ओर किनारे ट्रक खड़ी रहने से वाहनों को जाने-आने के लिए जगह नहीं रहती, जिससे हमेशा दुर्घटनाएं होने की संभावना बनी रहती है। इसकी सूचना पर परिवहन विभाग के उड़नदस्ता की टीम ने कई बार नो-पार्किंग वाहनों के खिलाफ जुर्माना कार्रवाई की, उसके बाद भी वाहन चालकों एवं मालिकों ध्यान नहीं है। सड़क किनारे खड़ी वाहनों से सड़क की पटली जर्जर हो रही है, जिससे आए दिन ▸▸। शेष पेज 10 पर

- उड़नदस्ता की कार्रवाई के बाद भी वाहन चालकों का ध्यान नहीं






### कन्याओं का पैर धुलाकर अफसरों और जवानों ने लिया आशीर्वाद

# नक्सलमुक्त बस्तर के लिए सीआरपीएफ जवान शौर्य के साथ डटे रहेंगे : कमांडेंट

हरिभूमि न्यूज ▸▸। जगदलपुर

चैत्र नवरात्रि एवं रामनवमी के पावन अवसर पर 27 मार्च को सीआरपीएफ 227 बटालियन ने मुख्यालय तोंगपाल जिला सुकमा के संवेदनशील नक्सल ग्रस्त क्षेत्र में पूजा, हवन एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया। कार्यक्रम के अंतर्गत विधि विधान से पूजा पाठ एवं हवन संपन्न किया गया। जिसमें बटालियन के अधिकारियों एवं जवानों ने श्रद्धा एवं उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

इस अवसर पर कमांडेंट गोपाल कुमार गुप्ता, संजीव कुमार द्वितीय कमान अधिकारी, शशि रंजन राय उप कमांडेंट एवं कमलेश साहू सहायक कमांडेंट ने कन्याओं के चरण धुलाकर भोजन कराया। साथ ही उन्हें उपहार भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कन्या भोज एवं भंडारे में बटालियन के कार्मिकों के अतिरिक्त आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में आकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक समरसता, आपसी भाईचारे एवं सौहार्द का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ-साथ ग्रामीणों में सीआरपीएफ के प्रति विश्वास बढ़ाना था।



**मिशन को पूरा करने देते रहेंगे शौर्य की मिसाल :** अंत में कमांडेंट गोपाल कुमार गुप्ता ने जवानों का हौसला बढ़ाते हुए नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सीआरपीएफ द्वारा किए जा रहे एंटी नक्सल अभियानों के विषय में कहा कि सीआरपीएफ के समस्त अधिकारी तथा जवान भारत सरकार के मिशन 31 मार्च 2026 को पूर्ण करने में शौर्य एवं लगन की अद्भुत मिसाल पेश करते रहेंगे।

#### भगवान राम के जीवन से लें प्रेरणा

गौरतलब है कि सीआरपीएफ नक्सल अभियान के साथ साथ ग्रामीणों की सुरक्षा एवं सहायता के लिए कार्यक्रम आयोजित करती है। इस अवसर पर कमांडेंट ने समस्त अधिकारियों एवं जवानों को दुर्गा नवमी एवं रामनवमी की शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपने संबोधन में भगवान श्री राम के आदर्श जीवन, कर्तव्य निष्ठा अनुशासन एवं त्याग से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। भगवान श्री राम का जीवन सत्य, मयार्दा एवं कर्तव्य पालन का सर्वोच्च उदाहरण है, जो प्रत्येक जवानों के लिए मार्गदर्शक है।

# कोंडागांव में रामनवमी का पर्व धूमधाम से मना, मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**कोण्डागांव।** रामनवमीं पर शुक्रवार को सुबह से ही शहर के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। जहां भगवान श्रीराम की विशेष पूजा–अर्चना की गई। भक्तों ने भजन–कीर्तन कर पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया, जिससे शहर में धार्मिक उत्साह का वातावरण बना रहा। दोपहर बाद शहर में भव्य शोभायात्र निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शोभायात्रा में विभिन्न आकर्षक झांकियों के माध्यम से भगवान राम के जीवन के महत्वपूर्ण प्रसंगों का सुंदर प्रदर्शन किया गया। पूरे आयोजन में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला, जिससे शहर का माहौल पूरी तरह राममय हो गया।





## खबर संक्षेप

### प्रयास विद्यालय में 9वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 17 तक

**कोण्डागांव।** सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग के अनुसार मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन विद्यालयों में कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ–साथ राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, क्लैट एवं एनडीए की तैयारी कराई जाती है। वर्ष 2026–27 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए इच्छुक विद्यार्थी 17 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार की तिथि 18 अप्रैल से 21 अप्रैल 2026 तक निर्धारित की गई है। प्रवेश पत्र 01 मई से 09 मई तक डाउनलोड किए जा सकेंगे। प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन 10 मई को किया जाएगा। विद्यार्थी अधिक जानकारी के लिए जिला सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कार्यालय या संबंधित वेबसाइट से संपर्क कर सकते हैं।

### आइकॉनिक ऑफ बस्तर आज प्रतिभाओं को मिलेगा मंच

**कांकेर।** जिले में प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने और सौंदर्य व आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीबी फाउंडेशन कांकेर द्वारा एएस फाउंडेशन के सहयोग से आइकॉनिक ऑफ बस्तर छत्तीसगढ़ 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम बस्तर क्षेत्र का सबसे बड़ा ब्यूटी पेजेंट एवं रनवे शो माना जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन आज 28 मार्च को रात 8 बजे से वंदे भारत ग्राउंड, धड़िया तालाब गार्डन के सामने किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार इस आयोजन में क्षेत्र की प्रतिभाशाली युवतियों एवं प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का सुनहरा अवसर मिलेगा। आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन न केवल ग्लैमर और फैशन का मंच होगा, बल्कि आत्मनिर्भरता, आत्मविश्वास और सशक्तिकरण का भी संदेश देगा।

## दो आरोपियों के कब्जे से मिला 21 किलो से ज्यादा पौधा

# मक्के के खेत में हो रही थी गांजे की भी खेती, 686 पौधे बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

थाना क्षेत्र अंतर्गत पावारास में गांजा की खेती का मामला सामने आया है। दो किसानों के मक्के के बीच में गांजा उगाने की जानकारी पर पुलिस ने दबिश देकर पौधों को जब्त कर लिया है। मामले में दो लोगों को पकड़ा गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मुखबीर से सूचना मिली कि, ग्राम पावारास में 2 व्यक्तियों के मक्का के खेतों के बीच में गांजे के पौधे उगाये गये है। सूचना पर प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी के पर्यवेक्षण में टीम गठित कर मुखबीर के बताये स्थान ग्राम पावारास के अभिराम यादव एवं श्रवन कुमार उईके के खेत में पहुंचकर राजस्व विभाग के अधिकारियों के उपस्थिति में खेतों की तलाशी ली गयी। तलाशी अभियान के दौरान आरोपी अभिराम यादव पिता सोमारू राम 28 वर्ष के मक्का खेत के बीच-बीच में कुल 237 नग गांजा का पौधा कुल मात्रा 14.96 किलोग्राम मिला। इसके अलावा आरोपी श्रवन कुमार उईका पिता सुधूराम 38 वर्ष निवासी पावारास के मक्का खेत के बीच-बीच में कुल 449 नग गांजा का पौधा कुल मात्र 6.40 किलोग्राम मिला।





**दोनों आरोपियों के खेत से 21 किलो से अधिक पौधे बरामद**

दोनों आरोपियों खेत से कुल 686 नग गांजा का पौधा मात्रा कुल 21 किलो 36 ग्राम मिला। जिसकी अनुमानित कीमत करीबन 10 लाख रुपए है। दोनों आरोपियों को एनडीपीएस की धारा 20 (क) के तहत विधिवत कार्यवाही बाद 27 मार्च को को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## जिले में रोलिंग पेपर व स्मोकिंग सामग्री की बिक्री पर प्रतिबंध

**कोण्डागांव।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती नूपुर राशि पन्ना द्वारा नशीले पदार्थों के विक्रय पर रोकथाम के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 (2) के अंतर्गत संशोधित आदेश जारी किया गया है।

जारी आदेश में बताया गया है कि शहर में नाबालिगों एवं युवाओं के बीच चरस, गांजा जैसे नशे के सेवन के लिए रोलिंग पेपर, गोगो स्मोकिंग कोन एवं पर्फेक्ट रोल का उपयोग बढ़ रहा है। ये सामग्री पान, किराना, चाय दुकान, कैफे एवं रेस्टोरेंट जैसे स्थानों पर आसानी से उपलब्ध हो रही थी। प्रशासन द्वारा इन सामग्रियों के विक्रय को पान दुकानों, परचून/किराना दुकानों, चाय स्टॉल, कैफे एवं रेस्टोरेंट जैसे सभी सार्वजनिक स्थानों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया है। यह निर्णय युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति, उससे जुड़ी आपराधिक गतिविधियों और जनसामान्य के स्वास्थ्य व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है और यह 24 मई 2026 की मध्य रात्रि 12 बजे तक प्रभावशील रहेगा।

**उल्लंघन पर होगी कड़ी कार्रवाई** – आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 सहित अन्य प्रावधानों के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

यदि कोई व्यक्ति या संस्था इस आदेश में छूट या शिथिलता चाहती है, तो वे नियमानुसार आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं, जिस पर सुनवाई के बाद निर्णय लिया जाएगा।

## आजादी की चेतना के अमर प्रतीक भगत सिंह राजगुरु और सुखदेव को विवि में श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहीद दिवस के अवसर पर सोमवार को शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र अध्ययनशाला द्वारा वीरों को नमन करने हेतु विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 23 मार्च 1931 को फांसी पर चढ़ाए गए अमर क्रांतिकारियों भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के त्याग और बलिदान को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

- शहीद दिवस पर अर्थशास्त्र विभाग में आयोजन

कार्यक्रम में वक्ताओं ने इन वीर सपूतों के अदम्य साहस, देशप्रेम और क्रांतिकारी विचारों को याद करते हुए उन्हें आजादी की चेतना का जीवंत प्रतीक बताया। युवा पीढ़ी को प्रेरणा देने पर जोर मुख्य वक्ता एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. समीर ठाकुर ने कहा कि इन महान क्रांतिकारियों का साहस और त्याग हम सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। सच्ची देशभक्ति केवल शब्दों तक सीमित नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने में निहित है।

सहायक प्राध्यापक डॉ भुनेश्वर लाल साहू ने कहा कि शहीदों के योगदान को कभी नहीं भूलना चाहिए और उनके विचारों को युवा पीढ़ी तक पहुंचाना आवश्यक है। वहीं असिस्टेंट प्रोफेसर पीके मिर्धा ने क्रांतिकारी विचारों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया ,ताकि स्वतंत्रता की भावना सदैव जीवित रह सके। कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए प्रेमजीत निराला ने बताया कि ये तीनों क्रांतिकारी केवल व्यक्ति नहीं, बल्कि आजादी की चेतना,साहस और क्रांति के प्रतीक हैं।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से गूंजा वातावरण

कार्यक्रम के दौरान डॉ. भेनु ने विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिए कविता पाठ किया। मेगु मुचाकी ने भाषण के माध्यम से युवाओं के विचार रखे, वहीं वैभव चौधरी ने "मेरा रंग दे बसंती चोला" गीत की प्रस्तुति देकर देशभक्ति का माहौल सृजित किया। इन प्रस्तुतियों ने पूरे आयोजन को भावनात्मक और प्रेरणादायक बना दिया।

## समन्वित कृषि से बदली तकदीर, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना से मिली नई दिशा

**खास बातें**

- मछली पालन के साथ पाकलू मरकाम बने समृद्ध कृषक
- तीन तालाबों में पालन करके कर रहे लाखों की आमदनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिले के ग्राम पल्ली निवासी युवा किसान पाकलू मरकाम ने मछली पालन के साथ समन्वित कृषि प्रणाली अपनाकर सफलता की नई मिसाल पेश की है।

श्री मरकाम ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत अपनी भूमि में तालाब निर्माण कर मछली पालन की शुरुआत की। वर्ष 2023 में 11 लाख रुपये की लागत से तालाब निर्माण के लिए उन्हें 6 लाख 60 हजार रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ।

वर्तमान में उनके पास 3 तालाब हैं, जिनमें वे रोहू, कतला, कॉमन कार्प, ग्रास कार्प और पंगास जैसी मछलियों का पालन कर रहे हैं।

मछली पालन के साथ–साथ उन्होंने मुर्गी पालन, सूकर पालन और खेती को भी अपनाया है। मुर्गी पालन में सोनाली एवं देसी नस्ल के साथ असील प्रजाति के मुर्गों का पालन कर रहे हैं। इसके अलावा उनके पास लगभग 20 सूकर और खाकी कैंपबेल, इंडियन रनर व मोती प्रजाति के बत्तख भी हैं।

**सालाना 6 लाख रुपए की आय** – विभिन्न गतिविधियों को जोड़कर वे समन्वित कृषि प्रणाली से सालाना लगभग 6 लाख रुपये की आय अर्जित कर रहे हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। आज पाकलू मरकाम न केवल आत्मनिर्भर बने हैं, बल्कि क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनकर उभर रहे हैं।

## हटकोंगरा में श्री राम-जानकी मंगल भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

धार्मिक आस्था और सामाजिक समरसता के संगम के रूप में 27 मार्च को ग्राम हटकोंगरा की पावन धरा पर एक ऐतिहासिक अध्याय जुड़ गया। क्षेत्रवासियों की लंबे समय से प्रतीक्षित आकांक्षाओं को पूर्ण करते हुए श्री राम-जानकी मंगल भवन का गरिमामय लोकार्पण संपन्न हुआ। यह आयोजन केवल एक नवनिर्मित भवन का उद्घाटन मात्र नहीं था, बल्कि यह हमारी प्राचीन आस्था, समृद्ध परंपरा और अटूट सामाजिक एकता के सशक्त स्वरूप को साकार करने वाला एक अविस्मरणीय क्षण बन गया।

लोकार्पण के इस पावन अवसर पर उपस्थित जनसमूह से विधायक ने कहा कि प्रभु श्रीराम और माता जानकी की असीम अनुकंपा से निर्मित यह मंगल भवन आने वाले समय में केवल एक संरचना नहीं, बल्कि जनकल्याण का एक जीवंत केंद्र सिद्ध होगा। यह स्थान धार्मिक अनुष्ठानों, मांगलिक कार्यक्रमों और जनसेवा की विविध गतिविधियों के लिए समर्पित रहेगा। भक्ति और श्रद्धा के इस प्रतीक से न केवल क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षण मिलेगा, बल्कि यह गांव के चहुंमुखी विकास और समृद्धि के नए द्वार भी खोलेगा। इस अवसर पर



क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा गया कि हमारा दृढ़ संकल्प है कि अंचल का प्रत्येक गांव आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हो, सांस्कृतिक रूप से गौरवान्वित महसूस करे और विकास की नई ऊंचाइयों को स्पर्श करे। यह भव्य उपलब्धि क्षेत्रवासियों के अटूट सहयोग, स्नेहपूर्ण आशीर्वाद और निरंतर विश्वास का ही प्रतिफल है। जनसेवा का यह संकल्प अडिग है और आने वाले समय में भी विकास के पहिये को इसी ऊर्जा और गति के साथ आगे बढ़ाया जाएगा, ताकि क्षेत्र की खुशहाली का मार्ग सदैव प्रशस्त रहें।

## स्थानांतरित न्यायाधीशों ने कहा- बस्तर के माहौल को कभी नहीं भुला पाएंगे

**जगदलपुर।** जिला अधिवक्ता संघ ने सत्र न्यायालय परिसर में स्थित ग्रंथालय कक्ष में शुक्रवार को स्थानांतरित न्यायाधीशों को ससम्मान विदाई दी । प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गोविंद नारायण जांगड़े ने इस अवसर पर तीनों न्यायाधीशों के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि कभी भी उन्होंने कोई शिकायत का मौका नहीं दिया। उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। जिला अधिवक्ता संघ ने द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित कुमार कोहली, तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रूप नारायण पठारे और अपर जिला न्यायाधीश फास्ट्रेक कोर्ट न्यायाधीश वंदना वर्मा के कार्य प्रणाली की तारीफ करते उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उनका अधिवक्ताओं के साथ




सहयोगात्मक रवैया रहा। न्यायाधीशों ने भी बार के अधिवक्ताओं के व्यवहार को सहयोगात्मक बताते हुए कहा कि वे बस्तर के माहौल को कभी भी भुला नहीं पाएंगे।

## पेज 9 के शेष

### रामनवमी पर राममय...

जुटे हुए थे। शोभायात्रा के दौरान पुलिस जवान भी मौजूद रहकर यातायात को सुगम और भीड़ को नियंत्रित करने में लगे रहे।

**भगवा वेश में बच्चों को लेकर पहुंची थीं माताएं :** रामनवमी का पर्व हो और माताओं में अपने बच्चों में राम का स्वरूप देखने की जिज्ञासा न हो ऐसा हो नहीं हो सकता। यहीं कारण है कि शोभायात्रा में माताएं अपने बच्चों को भगवा वेश में लेकर शामिल होने पहुंच रहे थे। हरिभूमि से चर्चा में कुछ माताओं ने कहा कि भगवान राम का चरित्र ऐसा है कि हर मां चाहती है कि बेटा राम जैसा हो।

### पाकिस्तान से 3 नदियों...

का स्वागत किया। तत्पश्चात मां भगवती हिंगलाजीन माता के दर्शन कर विधिवत वैदिक पूजन करने के बाद हिंगोल, रावी एवं अघोर नदी के पवित्र कुंड का जल गजाधर पुजारी, अर्जुन पुजारी, चैन पुजारी एवं बैंस परिवार के वरिष्ठ ठाकुर अनिल सिंह बैस तथा प्रतिभा सिंह बैस को हस्तांतरित किया। जिससे माता हिंगलाजिन का अभिषेक बाद जल संरक्षित कर गर्भ गृह में रखा जाएगा। इस पवित्र जल को सौंपने के बाद उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर भेंट स्वरूप प्रसाद वितरण किया। तत्पश्चात संत जी को माता के प्रसाद, चुनरी एवं फल भेंट कर विदाई दी गई। बस्तर, ओडिशा, छत्तीसगढ़ के सभी देवी हिंगलाजिन मंदिरों के उद्गम और मूल स्त्रोत प्राचीन रियासत कालीन बेड़ागांव मंदिर में पवित्र जल के आने के साथ ही भक्तों में आस्था, विश्वास और श्रद्धा में वृद्धि हुई। भक्तगण दर्शन हेतु निरंतर मंदिर पहुंच रहे हैं। वे देर रात तक दर्शन करते रहे।

### दो युवकों पर ...

क्रिकेट खेल कर आ रहे थे उन्हें घेर लिया और करीब 1 घंटे तक क्रिकेट बैट और स्टंप से पीटते रहे।

**3 मोबाइल, सोने की चेन व वाहन लूटा :** हमलावरों ने पीड़ितों से 3 मोबाइल, सोने की चेन, गाड़ी और एक बकरा भी छीन लिया। उन्हें अर्धनग्न कर लात-घूसों से पीटा गया और इस पूरे कृत्य का वीडियो बनाकर व्हाट्सएप ग्रुपों में वायरल कर दिया।

### जंगल को आग...

को छोड़ने की अपील की गई। इन दिनों जंगल में महुआ संग्रहण के दौरान आग लगने की घटना से रात दिन जंगलों में भारी क्षति हो रही है। इस आग को बुझाने में वन विभाग को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है, जागरूकता अभियान में ग्राम पंचायत स्तर पर एवं वन्य समितियों की भी मदद ली जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार जंगलों की हरियाली बचाने के लिए वे नियमित बैठक लेकर इस काम में सभी का सहयोग ले रहे हैं।

**जंगल के महत्व को समझने लगे ग्रामीण :** वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने बताया कि ग्रामीणों को जागरूक करने से उन्हें आग की रोकथाम में काफी सहयोग मिल रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों से आग लगने की सूचना मिलते ही वन विभाग का अमला मौके पर पहुंच जा रहा है, इससे वनों में आग लगने की घटना में कमी आई हैं। गांव के लोग भी जंगल के महत्व को समझने लगे हैं।

### नो-पार्किंग में ...

दुर्घटनाएं हो रही है। इस बार उड़नदस्ता की ओर से नो-पार्किंग वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा, जिसमें एक बार से अधिक जुर्माना होने के बाद भी नो-पार्किंग में वाहन खड़ा रखने वाले वाहनों को जप्ती कर कोर्ट भेजा जाएगा। इसके लिए सरगीपाल बायपास, आनंद ढाबा से लालबाग तक, गीदम रोड में उड़नदस्ता की टीम पहुंचकर कार्रवाई करेगी।

**वाहनों पर होगी सख्ती कार्रवाई :** परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी एवं निरीक्षक पुष्पेन्द्र कुमार साहू ने बताया कि परिवहन नियमों का उल्लंघन करते मिले वाहनों पर सख्ती कार्रवाई की जाएगी।

**उड़नदस्ता को दिए निर्देश :** संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि उड़नदस्ता की टीम को नो-पार्किंग और सड़क किनारे खड़ी वाहनों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है।

## समानता, न्याय और अहिंसा के संदेश को किया याद

# बाबा साहेब सेवा संस्था ने मनाई सम्राट अशोक की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

बाबा साहेब सेवा संस्था द्वारा सम्राट अशोक की जयंती श्रद्धा एवं गरिमामय वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने सम्राट अशोक और डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों को समाज के लिए प्रेरणादायी बताते हुए उनके सिद्धांतों पर चलने का आह्वान किया।

- सिद्धांतों पर चलने का किया गया आह्वान

कार्यक्रम में बताया गया कि कलिंग युद्ध के बाद सम्राट अशोक ने हिंसा का त्याग कर धम्म अर्थात शांति, करुणा और मानवता का मार्ग अपनाया। उन्होंने पूरे विश्व में बौद्ध धर्म के माध्यम से अहिंसा और सद्भाव का संदेश फैलाया। वक्ताओं ने कहा कि सम्राट अशोक ने लोककल्याणकारी शासन की स्थापना करते हुए सड़कों के किनारे पौधारोपण, कुओं का निर्माण तथा



मनुष्य और पशुओं के लिए चिकित्सालयों की व्यवस्था की। उनके शिलालेख आज भी सुशासन के आदर्श माने जाते हैं। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि भारत का राष्ट्रीय प्रतीक 'सिंह स्तंभ' और तिरंगे का 'अशोक चक्र' सम्राट अशोक की ही देन हैं, जो आज देश की पहचान बने हुए हैं। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. अंबेडकर सम्राट अशोक के शासन को भारत का स्वर्ण युग मानते थे और उनके विचारों से प्रेरित होकर उन्होंने समानता व न्याय आधारित समाज की कल्पना की।

### पदाधिकारी रहे उपस्थित

इस अवसर पर संस्था के संरक्षक तिलक पांडे, अध्यक्ष भुवनलाल मार्कंडेय, प्रमोद भारती, नरसिंह देव मंडावी, मुकेश मार्कंडेय, पनकु नेताम, हितेंद्र श्रीवास, रमेश सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से समाज को अपनी ऐतिहासिक विरासत और महान व्यक्तित्वों के विचारों से जोड़ने का प्रयास किया गया। सम्राट अशोक जयंती का यह आयोजन समाज में शांति, समानता और भाईचारे का संदेश देने वाला रहा।

## खबर संक्षेप

### मृतकों के परिजनों को 20 लाख की सहायता

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ नक्सलवाद पुनर्वास नीति के तहत नक्सली पीड़ित व्यक्तियों, परिवारों तथा आत्मसमर्पित नक्सलियों को पर्याप्त सुरक्षा एवं पुर्नवास के तहत नक्सली हिंसा में आम नागरिको के मृत्यु के 4 प्रकरणों में मृतकों के परिजनों को कुल 20 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### दण्डाधिकारी जांच के लिए उपस्थित होने की सूचना

**बीजापुर।** थाना भैरमगढ़ क्षेत्रांतर्गत थाना जांगला के ग्राम बिरियाभूमि आदवाड़ा के जंगल में 19 दिसम्बर को पुलिस-नक्सली मुठभेड़ हुई। घटनास्थल की बारिकी से सर्चिंग के दौरान 1 अज्ञात पुरूष माओवादियों का शव सहित नक्सली साहित्य हथियार व अन्य सामग्री बरामद की गई। उक्त घटनाओं से संबंधित कोई भी जानकारी रखने वाले व्यक्ति 10 अप्रैल तक अनुविभागीय दण्डाधिकारी भैरमगढ़ के न्यायालय में उपस्थित होकर साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते है।

### आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए 21 लाख की स्वीकृति

**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ नक्सलवाद, आत्मसमर्पण पीड़ित राहत एवं पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास एवं उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। नीति के अंतर्गत जिले के 42 आत्मसमर्पित नक्सलियों को 21 लाख रुपये के आहरण एवं संवितरण की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### लैंगिक उत्पीड़न रोकथाम के क्रियान्वयन के लिए निर्देश

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम 2013 के प्रावधानों के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जन जागरूकता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि अधिनियम के अंतर्गत ऐसे सभी विभागों, संगठनों, उपक्रमों, गैर-शासकीय संस्थाओं, कंपनियों, निगमों, अस्पतालों, नर्सिंग होम, खेल संस्थानों, शैक्षणिक एवं मनोरंजन स्थलों में, जहां 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, वहां आंतरिक शिकायत समिति का गठन करना अनिवार्य है। जिन संस्थानों में 10 से कम कर्मचारी कार्यरत हैं या जहां शिकायत स्वयं नियोक्ता के विरुद्ध हो, वहां प्रकरण जिला स्तर पर गठित स्थानीय शिकायत समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जा सकेगा, जिसका नोडल विभाग महिला एवं बाल विकास है।

### ग्रामीणों ने ताडोबा में सीखे ईको टूरिज्म के गुर



**बीजापुर।** इन्द्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर के अंतर्गत ईको डेवलपमेंट समिति के सदस्यों के लिए आजीविका विकास से संबंधित शैक्षणिक भ्रमण ताडोबा-अंधेरी टाइगर रिजर्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। 19 से 21 मार्च तक आयोजित तीन दिवसीय इस अध्ययन दौरे में ग्राम मट्टीमरका एवं नम्बी के ग्रामीणों ने भाग लेकर ईको टूरिज्म के सफल मॉडलों का गहन अध्ययन किया। दौरे के दौरान समिति के सदस्यों ने जाना कि किस प्रकार पर्यटन को बढ़ावा देकर स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित किए जा सकते हैं। उन्होंने टूरिस्टों के ठहरने के लिए होम-स्टे एवं टेंट व्यवस्था, रोमांचक गतिविधियों जैसे ब्रह्मा ब्रिज रस्सी के सहारे आवागमन, जिपजैक बैलेंस, जिप लाइन, कमांडो नेट, स्पॉट वॉल और कायकिंग जैसी सुविधाओं का अवलोकन किया।

## नगर में रामनवमी पर भक्ति का सैलाब, लोगों में दिखा अभूतपूर्व उत्साह

# जय सिया राम के जयकारों से गूंजी नगरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

दंतेवाड़ा जिले की व्यावसायिक नगरी गीदम में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव इस वर्ष अभूतपूर्व उत्साह, धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूरे नगर का वातावरण दिनभर जय सिया राम के गगनभेदी जयकारों, भजनों और ढोल-नगाड़ों की गूंज से भक्तिमय बना रहा। आयोजन की व्यवस्थाओं में परम्परा और अनुशासन का सुंदर समन्वय देखने को मिला, जिससे रामभक्तों के साथ-साथ आम नागरिकों ने भी पर्व की पवित्रता और उल्लास को समान रूप से अनुभव किया। पर्व का शुभारंभ दोपहर लगभग 3 बजे सीताराम भजन मंडली के सुमधुर भजन-कीर्तन से हुआ। मंडली के गायक-वादकों ने रामचरितमानस की चौपाइयों, भक्तिपूर्ण भजनों और रामधुन की ऐसी सुमधुर प्रस्तुति दी कि उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और वातावरण पूरी तरह भक्तिरस में डूब गया।

### शिव तांडव और शिव-पार्वती विवाह की प्रस्तुति

इस वर्ष के आयोजन की विशेषता रही राजन आर्ट के अघोरियों द्वारा प्रस्तुत शिव तांडव और शिव-पार्वती विवाह का जीवंत मंचन। कलाकारों ने पारम्परिक वेशभूषा, साज-सज्जा और भाव-भंगिमाओं के माध्यम से पौराणिक प्रसंगों को इस तरह जीवंत किया कि दर्शकों ने इसे नगर में पहली बार देखे गए





अनूठे सांस्कृतिक अनुभव के रूप में सराहा। शिव तांडव की ऊर्जा और शिव-पार्वती विवाह की कोमलता ने रामनवमी के अवसर को बहुआयामी सांस्कृतिक रंग प्रदान किया।

भजन-कीर्तन के साथ-साथ जगदम्बा डीजे की भक्ति धुनों ने पूरे नगर को राममय कर दिया। युवा, बुजुर्ग, महिला और बच्चे सभी डीजे की लय पर झूमते-थिरकते नजर आए। जगह-जगह घरों की छतों और बालकनियों से लोग शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर रहे थे, जिससे माहौल में आस्था और उल्लास का अद्भुत संगम बना। शाम 6 बजे नगर के बस स्टैंड से भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। शोभायात्रा नगर पंचायत कार्यालय होते हुए हारम चौक पहुंची और पुनः बस स्टैंड पर समाप्त हुई। इस शोभायात्रा की सबसे मनोहर झलक वह रथ रहा जिस पर भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता और हनुमान जी की वेशभूषा में सजे-धजे छोटे-छोटे बच्चे विराजमान थे। बाल स्वरूपों की मासूम मुस्कान, मुकुट-धनुष और पारम्परिक परिधानों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया और पूरी शोभायात्रा में यह दृश्य आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना रहा। युवाओं की टोलियों के साथ-साथ महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। मातृशक्ति ने पारम्परिक परिधान में समूहबद्ध होकर भजन गाते हुए शोभायात्रा की शोभा बढ़ाई। कई स्थानों पर नागरिकों ने जलपान, शरबत और फल वितरण की सेवा भी की, जिससे रामभक्ति के साथ-साथ सेवा भावना का भी संदेश प्रसारित हुआ।

### आतिशबाजी और जयकारे

शोभायात्रा के मार्ग में जगह-जगह पटाखे फोड़े गए और आतिशबाजी की गई। ढोल-ताशे, शंख-ध्वनि और जय सिया राम के जयकारों से गीदम की फिज़ा देर तक गूंजती रही। भक्तों की टोलियों ने अनुशासित तरीके से नृत्य-भजन करते हुए यह सुनिश्चित किया कि उल्लास के साथ मर्यादा भी बनी रहे। शोभायात्रा के समापन के बाद देर शाम विधिवत आरती का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आरती के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जहाँ हजारों रामभक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे की व्यवस्था सुचारु और सुव्यवस्थित रहीं; सेवादारों ने पंक्तिबद्ध तरीके से श्रद्धालुओं को भोजन परोसा, जिससे पर्व का समापन सौहार्द और सेवा भाव के साथ हुआ।

### सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम

रामनवमी के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो इसके लिए आयोजकों ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। शोभायात्रा के दौरान पटाखों और भीड़-भाड़ के कारण आगजनी जैसी संभावित घटनाओं को ध्यान में रखते हुए फायर ब्रिगेड की विशेष तैनाती की गई थी। गीदम पुलिस की टीम भी पूरे आयोजन के दौरान मुस्तैद रही, जिससे यातायात और भीड़ नियंत्रण सुचारु बना रहा। पूरा आयोजन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुआ।

### आयोजकों का आभार

श्रीराम जन्मोत्सव समिति गीदम के अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने आयोजन की सफलता के लिए नगर के सभी रामभक्तों, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवकों, पुलिस-प्रशासन, फायर ब्रिगेड और मीडिया के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि गीदम के नागरिकों ने जिस एकजुटता, अनुशासन और भक्ति भावना का परिचय दिया, वही इस पर्व की असली उपलब्धि है। राजेश गुप्ता ने भविष्य में भी इसी तरह सहयोग और सहभागिता की अपेक्षा जताई, ताकि नगर में धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों की परम्परा और अधिक सुदृढ़ हो सके।

### बाइक रैली निकाली गई





**दरभा।** दरभा युवा समिति के नेतृत्व में 20 किलोमीटर का भव्य बाइक रैली निकाला गया। रैली में बड़ी संख्या में युवाओं व श्रद्धालुओं ने भाग लिया और जय श्रीराम के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। यह बाइक रैली दरभा माता मंदिर से छिंदावाड़ा गांव होते हुए कावारास, मुनगा, मामड़पाल, चंद्रगिरी, गुमड़पाल सहित विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए शिव मंदिर गुमड़पाल परिसर में संपन्न हुई। आयोजन के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना रहा। आयोजकों ने बताया कि शुक्रवार को रामनवमी के दिन भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसमें आकर्षक झांकियां, ढोल-नगाड़े और पारंपरिक प्रस्तुतियां शामिल होंगी। जुलूस में शामिल होने वाले लोगों का उत्साह बढ़ाने के लिए उन्हें अंगवस्त्र व भगवा पट्टी दी गई। शोभायात्रा में दरभा समिति के युवा माता मंदिर के श्रद्धालु शामिल थे।रामनवमी के उयलक्ष्य मे शिव मंदिर मे मेला का आयोजन किया गया हैं।

### धूमधाम से मनाई गई राम नवमी



**दोरनापाल।** सुकमा जिले के दोरनापाल नगर में आज राम नवमी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही नगर का माहौल भक्तिमय बना रहा। राम मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पूजा-अर्चना के बाद नगर में भव्य बाइक रैली निकाली गई, जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जय श्रीराम के नारों से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा। रैली नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह शरबत एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई। लोगों ने सेवा भाव से भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया। शाम के समय राम मंदिर में सुंदरकांड का पाठ आयोजित किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर भगवान राम की आराधना की। पूरे दिन चले धार्मिक कार्यक्रमों के चलते दोरनापाल में राम नवमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

# न सड़क बनी न पुलिया, मिट्टी डालकर काम अधूरा छोड़ा

## अधिकारी कह रहे-इसका कोई प्रस्ताव नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिला दंतेवाड़ा के ग्राम मेटापाल-2, तुर्रेम, साहूकारपारा में सड़क और पुलिया के नाम पर वर्षों पहले केवल मिट्टी डालकर कार्य अधूरा छोड़ दिया गया था। आज तक न पक्की सड़क बनी, न पुलिया का निर्माण हुआ है। बरसात के मौसम में ग्रामीणों का आवागमन बाधित हो जाता है। ग्रामीणों ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत लोक निर्माण विभाग से जानकारी मांगी।

विभाग ने लिखित जवाब में स्पष्ट किया कि उनके कार्यालय में उक्त सड़क या पुलिया से संबंधित कोई योजना स्वीकृत नहीं है। सवाल यह उठ रहा है कि जब योजना स्वीकृत ही नहीं थी तो सड़क के नाम पर मिट्टी किसने डाली। यह कार्य किस विभाग या एजेंसी द्वारा कराया गया। क्या किसी योजना की राशि निकालकर कार्य अधूरा छोड़ दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि विकास कार्यों के नाम पर केवल औपचारिकताएं पूरी की गईं जबकि जमीनी हकीकत आज भी बदहाल है। शासन प्रशासन को 20-25 वर्षों से आवेदन देने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों पर कार्यवाही की जाए। गांव में तत्काल पक्की सड़क और पुलिया निर्माण प्रारंभ कराया जाए। यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण सामूहिक रूप से आंदोलन करने को बाध्य होंगे।





### आंदोलन करेंगे ग्रामीण

ग्रामवासी कुश कुमार मरकाम ने बताया कि वर्षों से बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। सड़क और पुलिया का अभाव में है। कई बार आवेदन देने और गुहार लगाने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई तो सूचना का अधिकार के माध्यम से सच्चाई जानने का प्रयास किया गया। समस्याओं पर 10-15 दिनों में कोई कार्यवाही नहीं हुई तो सामूहिक आंदोलन करेंगे।

### किशोरियों को मिलेगा कैंसर से सुरक्षा कवच

**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय दंतेवाड़ा में ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) वैक्सीनेशन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एस. मंडल एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रतीक सोनी की उपस्थिति में अभियान की औपचारिक शुरुआत हुई। एचपीवी एक सामान्य लेकिन गंभीर संक्रमण है, जो आगे चलकर सर्वाइकल कैंसर सहित अन्य बीमारियों का कारण बन सकता है। इस टीकाकरण कार्यक्रम का उद्देश्य 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को इस संक्रमण से सुरक्षित कर भविष्य में कैंसर जैसी घातक बीमारी की रोकथाम करना है। यह टीकाकरण कार्यदिवसों में प्रतिदिन किया जाएगा।

# युवाओं को मिला प्रेरणा का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

बस्तर के ग्राम पंचायत पाहुरबेल में आयोजित पारंपरिक बाली जात्रा कार्यक्रम में बस्तर विधायक एवं छत्तीसगढ़ के उपनेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल क उपस्थिति रही। उनके आगमन पर ग्राम प्रमुखों एवं माता-बहनों ने आतिशबाजी के साथ आत्मीय स्वागत किया।



पूरे ग्राम में उत्सव का माहौल देखने को मिला, जहां ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ अपनी संस्कृति का जीवंत प्रदर्शन किया। बाली जात्रा स्थल पहुंचने पर माताओं-बहनों ने बस्तर की समृद्ध लोक परंपराओं के अनुरूप तिलक, आरती एवं पारंपरिक वेशभूषा में स्वागत कर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विधायक ने ग्राम के देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि बस्तर की पहचान उसकी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं से है क्षेत्र में जहां-जहां बाली जात्रा जैसे आयोजन होते हैं, वे उसमें शामिल होकर अपनी सहभागिता निभाने का प्रयास करते हैं। ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उपस्थित होने से मन को शांति और आत्मिक संतोष प्राप्त होता है। हमारे पूर्वजों द्वारा स्थापित देवी-देवताओं की आराधना और ग्राम संस्कृति आज भी जीवंत है, जो हमारे लिए गर्व का विषय है। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम इन परंपराओं को संजोकर रखने और आने वाली पीढ़ियों तक इसे सुरक्षित पहुंचाएं।

# बदलते समय के साथ बदलाव जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

थाना बेदरे क्षेत्रान्तर्गत ग्राम केरपे में 26 मार्च को सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्राम केरपे, मरीमड़गु, पेद्दागुण्डापुर, मादेपुर, ओडरी एवं आसपास के लगभग 300-400

■ जरूरतमंद ग्रामीणों को वितरण किए जरूरी सामान

ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अवसर पर बृज किशोर यादव, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कुटरू द्वारा ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं, बच्चों की शिक्षा, रोजगार एवं स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर जागरूक किया गया।



शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। पुनर्वास का लाभ ले चुके मुख्यधारा में शामिल हुए माओवादियों को विधि विरूद्ध गतिविधियों से अपने को दूर रखने की समझाईश दी गई। संगठन में अभी भी सक्रिय माओवादी जंगलों में भटकने के बजाय अपने परिवारों के पास लौट आने की अपील की गई, परिजन जो लम्बे समय से आपका इंतजार कर रहे है उनके पास लौटे तथा शांतिपूर्ण जीवन अपनाकर अपने भविष्य का निर्माण करें।

कार्यक्रम के दौरान पुनर्वासित माओवादियों द्वारा भी अपने पूर्व साथियों से हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की गई। अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि जंगल का जीवन एवं हिंसा का मार्ग केवल कष्ट और दुखदाई है और इससे न तो व्यक्तिगत विकास होता है और न ही समाज का भला होता है। बदलते समय के साथ बदलाव को स्वीकार कर सामाजिक जीवन जीने के लिए अपील की गई। कार्यक्रम के अंतर्गत जरूरतमंद ग्रामीणों को आवश्यक सामग्री, स्कूली बच्चों को शिक्षण सामग्री, युवाओं को खेल सामग्री का वितरण किया गया।

सिविक एक्शन कार्यक्रम में शामिल ग्रामीणों में सकारात्मक उत्साह देखा गया तथा कई ग्रामीणों ने बच्चों की शिक्षा एवं क्षेत्र के विकास कार्यों में सहभागी बनने की शपथ ली। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कुटरू के द्वारा मोबाईल यूनिट के माध्यम से जरूरत मंदों को आवश्यक चिकित्सीय सुविधा मुहैया कराई गई।

# गागड़ा ने की पूजा-अर्चना, कन्या पूजन में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर अष्टमी के दिन जिले के पूर्व कैबिनेट मंत्री महेश गागड़ा ने भैरमगढ़ स्थित श्रीश्री 108 शिव गौरी गणेश मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं निरंतर प्रगति की कामना की।

इस अवसर पर आयोजित कन्या पूजन कार्यक्रम में भी उन्होंने सहभागिता निभाई। गागड़ा ने कन्या भोज में बैठी बालिकाओं को स्वयं भोजन परोसकर उनका आशीर्वाद लिया



और भारतीय संस्कृति में नारी शक्ति के महत्व को रेखांकित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नवरात्रि का यह पावन पर्व श्रद्धा, विश्वास और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। यह पर्व हमें जनसेवा के प्रति हमारी संस्कृति, मूल्यों और जिम्मेदारियों को और अधिक सुदृढ़ करने की प्रेरणा देता है।

कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, महिला मोर्चा की सदस्याएं एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में श्रद्धा और भक्ति का वातावरण देखने को मिला।



## खबर संक्षेप

### 103 सह-योग शिक्षकों का होगा सम्मान

**जगदलपुर।** पतंजलि योग परिवार द्वारा सह-योग शिक्षक दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन 28 मार्च को किया जाएगा। यह समारोह वरिष्ठ प्रांत प्रभारी भारत स्वाभिमान एवं पूर्व योग आयोग अध्यक्ष संजय अग्रवाल के गरिमामय सानिध्य में सम्पन्न होगा। आयोजन को लेकर योग साधकों और सहयोग शिक्षकों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। समारोह में कुल 103 सह-योग शिक्षकों को सम्मानित करते हुए पतंजलि योगपीठ हरिद्वार द्वारा प्रेषित प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। यह कार्यक्रम योग शिक्षा और उसके विस्तार में योगदान देने वाले शिक्षकों के लिए गौरवपूर्ण अवसर साबित होगा।

### बकावंड में किशोरियों को लगा एचपीवी टीका



**जगदलपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्यअधिकारी डॉ. संजय बसाक, जिला टिकाकरण अधिकारी डॉ. सीआर मैत्री के दिशा निर्देश व खण्ड चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में 14 से 15 वर्ष की किशोरी बालिकाओं एचपीवी का टीका लगाया गया। यह कार्यक्रम 90 दिनों तक चलाया जायेगा, इसमें बच्चों का आधार कार्ड जन्मप्रमाण पत्र टीकाकरण कार्ड आदि दस्तावेज लाना अनिवार्य होगा ताकि सही उम्र के अनुसार टीकाकरण किया जा सके। खण्ड चिकित्सा अधिकारी द्वारा मितानीन प्रेरकों को मितानीन के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लाकर लगाने हेतु प्रेरित किया।

### भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ कर रहा अनेक स्थानों में प्याऊ की व्यवस्था



**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ ग्रीष्म ऋतु को ध्यान रखते हुए शहर के विभिन्न स्थानों में आमजन के लिये प्याऊ की व्यवस्था कर रहा है। शुक्रवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने जिला कार्यालय के समक्ष प्याऊ का शुभारम्भ किया और इसे जनसेवा में सराहनीय पहल बताया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय, आनंद मोहन मिश्रा, रामाश्रय सिंह, आर्येंद्र सिंह आर्य, अनिल लुंकड़, गोविंद ईनाणी, खेमसिंह देवांगन, मनोहर तिवारी, प्रकाश झा, रोहित त्रिवेदी, दिगम्बर राव, किशोर महावर, गणेश काले,राजा यादव, अविनाश गौतम, रोहित बैस, प्रकाश दुग्गड़,आशू आचार्य, अभिषेक तिवारी, मणि विक्रम नायडू, योगेश पाणिग्रही, शशांक श्रीवास्तव, ब्रिजेश शर्मा, बृजेश कपूर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जनहित में लिया गया साहसिक और दूरदर्शी निर्णय

**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने



पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में भारी कटौती को ऐतिहासिक निर्णय बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि रामनवमी के पावन अवसर पर लिया गया यह फैसला आम जनता को बड़ी राहत देने वाला है। प्रदेश अध्यक्ष देव ने बताया कि केंद्र सरकार ने पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क में 10 रुपये की कटौती करते हुए इसे घटाकर मात्र 3 रुपये कर दिया है, जबकि डीजल पर एक्साइज ड्यूटी को पूरी तरह समाप्त कर शून्य कर दिया गया है। इस निर्णय से देशभर के उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा और परिवहन से लेकर रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतों पर भी सकारात्मक असर पड़ेगा। देव ने कहा कि वैश्विक आर्थिक संकट के इस दौर में भी केंद्र सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि आम नागरिकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े। उन्होंने इसे जनहित में लिया गया साहसिक और दूरदर्शी निर्णय बताया।

# स्वास्थ्य, शिक्षा एवं एकीकृत बाल विकास सेवाओं की उपलब्धता पर फोकस करें

## कमिश्नर ने स्वास्थ्य केन्द्र सहित स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कमिश्नर डोमन सिंह ने शुक्रवार को बस्तर जिले के विकासखंड बकावंड का सघन भ्रमण कर स्वास्थ्य केन्द्र सहित स्कूल एवं आंगनबाड़ी केन्द्र का आकस्मिक निरीक्षण किया और स्वास्थ्य, शिक्षा एवं एकीकृत बाल विकास सेवाओं की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड, सेजेस सरगीपाल और पीएमश्री सेजेस करपावंड का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कमिश्नर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बकावंड में ओपीडी, आईपीडी और पोषण पुनर्वास केन्द्र का जायजा लिया। उन्होंने यहां पर मरीजों को बेहतर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने कहा। साथ ही पोषण पुनर्वास केंद्र में कुपोषित बच्चों को लाभान्वित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने पूरे विकासखंड के चिन्हित कुपोषित बच्चों को रोस्टर अनुसार पोषण पुनर्वास केंद्र में उपचार सुविधाएं मुहैया करवाने हेतु स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को समन्वित पहल किए जाने कहा। वहीं मोतियाबिंद जांच एवं उपचार के तहत दोनों आंखों में पीड़ित मरीजों को प्राथमिकता देकर महारानी अस्पताल में आपरेशन करवाने के निर्देश दिए। साथ ही दिव्यांगजनों को उनकी जरुरत के अनुरूप कृत्रिम उपकरण की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर बल देते हुए कहा कि दिव्यांगजनों का चिन्हांकन किए जाने हेतु ग्राम पंचायतों से सूची प्राप्त कर चिन्हांकन पश्चात उन्हें कृत्रिम अंग उपलब्ध कराया जाए। कमिश्नर ने आयुष्मान कार्ड पंजीयन हेतु छूटे हुए व्यक्तियों को लाभान्वित करने हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर सूची को नियमित तौर पर अपडेट किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएचसी बकावंड में मरीजों के परिजनों के ठहरने हेतु प्रतीक्षालय निर्मित किए जाने कहा। इस मौके पर एसडीएम बकावंड विपिन दुबे सहित जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल, सीईओ जनपद पंचायत पारेश्वर



### बच्चों से सुनी कविताएं

कमिश्नर ने सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र ढोडरेपाल में बच्चों से कविताएं सुनी और उन्हें टॉफी प्रदान कर प्रोत्साहित किया। इस सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्र में लक्षित बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं तथा पोषक माताओं को समेकित बाल विकास सेवाओं की उपलब्धता के बारे में संज्ञान लिया और विकासखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में आवश्यक सामग्रियों की व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सेजेस सरगीपाल और पीएमश्री सेजेस करपावंड में अटल टिंकरिंग लैब, विज्ञान प्रयोगशाला तथा स्मार्ट क्लास का जायजा लिया और शिक्षकों को बच्चों के समग्र व्यक्तित्व विकास के लिए समर्पित होकर दायित्व निर्वहन करने की समझाइश दी। इस दौरान उन्होंने उक्त दोनों संस्थाओं में स्वीकृत भवन निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

## भव्य भक्तामर अनुष्ठान में 500 से अधिक श्रद्धालुओं की रही सहभागिता

# आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति की बही धारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

श्री ओसवाल जैन श्वेतांबर समाज के भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के अंतर्गत रोटरी हॉल में भव्य भक्तामर अनुष्ठान का आयोजन किया गया। यह आयोजन आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति से परिपूर्ण रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अनुष्ठान में भक्तामर स्तोत्र की 48 गाथाओं का अर्थ सहित भावपूर्ण पाठ भक्तामर हीलिंग सेंटर पुणे की टीम स्नेहल चौराड़िया, सीमा सेठिया एवं सुजाता शिंगवी द्वारा किया गया। उन्होंने प्रत्येक गाथा की विशेष उपयोगिता बताते हुए जीवन की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु इसके महत्व को समझाया। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्तामर पाठ की पुस्तक के साथ मंत्रों की सार्थकता को अनुभव करने कांच की बोतल में जल प्रदान किया गया। जिससे मंत्रों के प्रभाव द्वारा सकारात्मक ऊर्जा एवं परिणाम प्राप्त हो सके। कार्यक्रम में लगभग 500





श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही, जिन्होंने पूरे आयोजन में श्रद्धा और भक्ति के साथ सहभागिता निभाई। आयोजन के संचालन में गौतम पारख एवं पलक बोथरा का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में समाज के अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। जिनमें मदनलाल पारख, पूर्व विधायक रेखचंद जैन, पुखराज बोथरा, मनोहर लूनिया, भंवर बोथरा, किशोर पारख, नरेंद्र ढेलडीया, अनूप जैन,अनिल कागोत, संदीप पारख,शैलेन्द्र बाफना, अशोक पारख,नीरज बाफना, राकेश बोथरा, विपिन बोथरा, प्रकाश बाफना, देवेंद्र टाटिया, चंद्रेश छाजेड, संजय मिन्नी, श्रीमति प्यारी नाहटा, उमा बोथरा, मंजू लुंकड़ सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

### लकी ड्रॉ में 3 विजेताओं को मिला पुरस्कार

कार्यक्रम के अंत में 3 लकी ड्रॉ निकाले गए, जिनमें भाग्यशाली विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। संचालन पलक बोथरा एवं आभार पवन मोदी ने माना। यह आयोजन न केवल एक धार्मिक कार्यक्रम रहा, बल्कि श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत भी बना।

## मुरिया समाज का सामुदायिक भवन बनाने का सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- 4 मई को किया जाएगा भूमिपूजन

तोकापाल ब्लॉक के ग्राम केशलूर में मुरिया समाज की बैठक की गई। जिसमें सर्वसम्मति से मुरिया समाज के लिए एक सामुदायिक भवन निर्माण का निर्णय लिया गया। इससे सामाजिक एकता एवं सांस्कृतिक संरक्षण को नई दिशा मिलेगी। बैठक में यह भी तय किया गया कि शहीद वीर जननायक क्रांतिकारी झाड़ा सिरहा का स्मृति कार्यक्रम अवसर पर आगामी 4 मई को समाज भवन का भूमि पूजन किया जाएगा। अगली बैठक 4 अप्रैल को संभाग स्तरीय स्तर पर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। उपस्थित पदाधिकारियों ने इन सभी निर्णयों को समाज को मजबूत बनाने की दिशा में सकारात्मक कदम बताया।

समाज के वरिष्ठजनों ने कहा कि युवा पीढ़ी का अपने इतिहास और परंपराओं से जुड़ाव आवश्यक है। 1876 के मुरिया विद्रोह जैसे ऐतिहासिक घटनाक्रम समाज की पहचान हैं, जिन्हें नई पीढ़ी तक पहुंचाना जरूरी है। समाज भवन इस दिशा में एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में कार्य करेगा। जहां सांस्कृतिक गतिविधियों, प्रशिक्षण और सामुदायिक संवाद को बढ़ावा मिलेगा।

बैठक में जिला मुरिया समाज सचिव सामुराम मौर्य, युवा प्रभाग अध्यक्ष गिरधर कश्यप, जिला पंचायत सदस्य कामदेव बघेल, युवा प्रभाग संभागीय अध्यक्ष संतु मौर्य, आयतु कश्यप, सरपंच नकुल कश्यप, लखु पुजारी सहित समाज के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## सेंट जेवियर्स में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सेंट जेवियर्स हाई स्कूल कुम्हरावांड में शुक्रवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य वी भारती, मुख्य अतिथि द्वारा समारोह की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। उसके बाद विद्यालय के छात्रों द्वारा अतिथियों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक नृत्य, गीत, एकांकी एवं भाषण प्रस्तुत कर सभी अभिभावकों व अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शिक्षकों द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया एवं अंत में स्कूल के प्राचार्य द्वारा बच्चों को पुरस्कार प्रमाण-पत्र, ओलंपियाड मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर बच्चों का



मनोबल बढ़ाया गया। कार्यक्रम में अभिभावकों ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सभी अधिकारी-शिक्षक व प्राचार्य, शिक्षकों एवं चतुर्थ कर्मचारी एवं अभिभावकों का योगदान सराहनीय रहा।

## शोभायात्रा का कांग्रेस ने किया स्वागत...



जगदलपुर। बस्तर जिला कांग्रेस शहर ने रामनवमी पर निकली शोभायात्रा का राजीव भवन के समक्ष स्वागत किया। व्यापार प्रकोष्ठ के सौजन्य से बस्तर जिला महिला कांग्रेस ने शोभायात्रा में शामिल महिलाओं को चूड़ी एवं भक्तजनों को मिष्ठान व पेयजल का वितरण किया। इस दौरान अनेक कांग्रेसी मौजूद रहे।

# जगराता में नजर आई देवी-देवताओं की दिव्य झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- रामनवमी पर गोवर्धन चौक में देर रात तक गूंजते रहे भक्ति गीत
- सजीव झांकियों ने बांधा समां

रामनवमी के पावन अवसर पर गोवर्धन चौक, दलपत सागर में आयोजित भव्य जगराता कार्यक्रम ने श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अद्भुत वातावरण निर्मित कर दिया। गुरुवार देर रात तक चले इस आयोजन में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा, जहां भक्ति गीतों और झांकियों के साथ पूरा परिसर भक्तिमय हो गया।

कार्यक्रम की भव्यता और दिव्यता ऐसी प्रतीत हो रही थी मानो साक्षात मां काली और भगवान महादेव स्वयं धरती पर अवतरित होकर अपनी लीलाओं का प्रदर्शन कर रहे हों। बिलासपुर की किशोरी जू जगराता मंडली के कलाकारों ने गायन और जीवंत झांकियों के माध्यम से देवी-देवताओं के स्वरूपों को इतनी सजीवता से प्रस्तुत किया कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो उठे।

दर्शकों ने देर रात तक भक्ति गीतों पर झूमते हुए कार्यक्रम का आनंद लिया और कहा कि ऐसे





आयोजन न केवल आध्यात्मिक शांति प्रदान करते हैं, बल्कि समाज में एकजुटता और सांस्कृतिक जागरूकता को भी बढ़ावा देते हैं। कलाकारों की प्रस्तुति को सराहते हुए लोगों ने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की निरंतरता की अपेक्षा जताई।

कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव द्वारा श्रीराम के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस दौरान उनका भव्य स्वागत भी किया गया। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए इसे सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करने वाला बताया।

कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन सुचारू रूप से किया गया और अंत में अतिथि कलाकारों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित जनसमूह ने पूरे आयोजन को अत्यंत सफल और यादगार बताया।

### सामूहिक प्रयास से साकार हुआ आयोजन

इस भव्य जगराता कार्यक्रम की परिकल्पना कुमार जयदेव द्वारा की गई, जिसे बस्तर धाकड़ क्षत्रिय राजपूत समाज एवं भूतेश्वर सेवा समिति के सहयोग से मूर्त रूप दिया गया, वहीं बिलासपुर की किशोरी जू जगराता मंडली के कलाकारों ने अपनी जीवंत प्रस्तुतियों से इसे वास्तविक स्वरूप प्रदान किया। आयोजन में विभिन्न समाजों की सहभागिता ने इसे सामाजिक समरसता का प्रतीक बना दिया, जहां कलाकारों द्वारा प्रस्तुत देवी-देवताओं के सजीव रूपों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया और वातावरण में ऐसी आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ कि उपस्थित लोगों को साक्षात दिव्यता का अनुभव हुआ, यही कारण रहा कि कलाकारों ने भी दर्शकों के अपार प्रेम से अभिभूत होकर पुनः बस्तर आने की इच्छा व्यक्त की।

# 13 गांव के गरीब और जरूरतमंद ग्रामीणों को मिला उपयोगी सामान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- सीआरपीएफ ने बच्चों और युवाओं को पढ़ाई का सामान देकर बढ़ाया उत्साह

आईजी छत्तीसगढ़ शालिन के मार्गदर्शन, बी. एम. नेगी डीआईजी ऑप्स के पर्यवेक्षण, विजेन्द्र सिंह, कमांडेंट के नेतृत्व, मूल चंद द्वितीय कमान अधिकारी, अनंथा कृष्णा जे एसएमओ 222 बटालियन के जवानों की उपस्थिति में 25 मार्च को चेरपाल में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें दूरस्थ एवं आंतरिक क्षेत्रों में निवासरत 13 बस्तियों के गरीब एवं जरूरतमंद ग्रामीण लाभान्वित हुए। जिनमें वृद्ध पुरुष, महिलाएं तथा स्कूली बच्चे शामिल थे। इन बस्तियों में घुमर, जरगोया, तोयनार, गंगालूर, पडमोर, मोदीपारा, पदेड़ा, किकलर, पोटमपारा, कडेनार, चिरकुंटी, कुट्टर तथा चेरपाल शामिल हैं।

इस कार्यक्रम में 530 ग्रामीणों ने भाग लिया, जो बल एवं स्थानीय समुदायों के बीच बढ़ते विश्वास एवं मजबूत संबंधों का प्रतीक है। जन-जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए एवं जीवन स्तर में सुधार हेतु आवश्यक सामग्रियों का वितरण जरूरतमंद लाभार्थियों में किया गया। जिनमें जल टैंक, सोलर लाइट, लालटेन, बर्तन एवं खाना बनाने की सामग्री, वस्त्र, बच्चों के लिए चप्पल, कंबल, कृषि उपकरण तथा स्कूल बैग तथा युवाओं को खेल का सामान फुटबॉल, वॉलीबॉल एवं क्रिकेट किट वितरण किया गया।

### जांच कर फ्री दवाइयां दी गई

कार्यक्रम के अंतर्गत निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. अनंया कृष्णा जे. एमएमओ द्वारा ओपीडी संचालित की गई। जिसमें आवश्यक चिकित्सीय परामर्श प्रदान कर निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। इस पहल से दूरस्थ क्षेत्रों में निवासरत लोगों की स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति में सहयोग मिला जहां चिकित्सा सुविधाओं की सीमित उपलब्धता है।

PRP/GFC
तकनीक द्वारा
गंजेपन का ईलाज



कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
04 मई, 07 मई, 11 मई, 16 मई,
25 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411